




# आईटीआई में नवाचारों, मॉडल स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता पर दें विशेष जोर...

## कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने शैक्षणिक संस्थानों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश





**नवभारत न्यूज**

**धार** ।जिले की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने और तकनीकी दक्षता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने आज नोडल शासकीय आईटीआई स्थानीय मॉडल स्कूल एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं, डिजिटल लर्निंग और छात्र कल्याण से जुी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

कलेक्टर ने आईटीआई धार के निरीक्षण कर सीएसआर फंड से विकसित अत्याधुनिक लैब्स की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदेश की एकमात्र इलेक्ट्रिक व्हीकल लैब (महिंद्रा एंड महिंद्रा) सहित आईटी लैब (सिप्ला फाउंडेशन व इप्का लैब), इलेक्ट्रिकल लैब (श्नाइडर इंडिया), इंडस्ट्रियल पेंटर लैब (महिंद्रा एंड महिंद्रा) और वेल्डर लैब (आयशर मोटर) का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सहयोग से छात्रों को वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण मिल रहा है, जो उनके भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। संस्था में 100त्न प्लेसमेंट और 100त्न प्रवेश के रिकॉर्ड पर उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही, बालिकाओं के स्वास्थ्य हेतु इप्का लैब द्वारा प्रदान की गई सेनेटरी पैड व इन्सिनेटर मशीन की पहल को उन्होंने महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी बताया।

**डिजिटल शिक्षा और छात्रावास प्रबंधन में सुदृढ़ीकरण :** कलेक्टर ने मॉडल स्कूल का निरीक्षण कर किया। निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर वहां ट्रेनिंग ले रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों को कंप्यूटर की उपयोगिता समझाई और स्वयं एक्सेल पर कार्य करके उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल के माध्यम से चल रही कक्षा की गतिविधि को देखा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन अन्य स्थानों पर भी उपलब्ध कराए गए हैं, वहां इनका नियमित उपयोग सुनिश्चित कर बच्चों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाएं। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल में उपलब्ध नई साइकिलों व पुस्तकों का वितरण नियत समय पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान मीना ने विद्यालय परिसर स्थित छात्रावास का जायजा लिया। यहां नई रोटी बनाने की मशीन को चालू करने के निर्देश दिए।

> **डाइट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 हो लागू**
>
> धार जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृ करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन को गति देने के उद्देश्य से आज कलेक्टर राजीव रंजन मीणा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), धार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने संस्थान में संचालित विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने डाइट में स्थापित डिजिटल स्टूडियो, दक्ष कक्ष, ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर लैब एवं पुस्तकालय का जायजा लिया।

# हास्य रचनाएं सुनने देर रात तक डटे रहे श्रोता...



**मनावर। मप्र लेखक संघ मनावर इकाई की पावस गोष्ठी सिंघाना रोड स्थित एक सभा घर में सम्पन्न हुई। इसमें स्थानीय व आमंत्रित साहित्यकारों ने समसामयिक व सामाजिक मुद्दों तथा हास्य व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बैठाए रखा ।**

कार्यक्रम का आरंभ देश की ख्यातनाम कवियित्री प्रिया खुशबू, पार्षद ममता नामदेव, साहित्यकार गोविन्द सेन और बीआरसीसी किशोर कुमार बागेश्वर ने दीप प्रज्ज्वलित कर की । सरस्वती वंदना कवियित्री दीपिका व्यास ने की । काव्य पाठ का आरंभ अतुल श्रीवास्तव ने जिंदगी पर सुंदर रचना पाठ किया। व्यंग्य कवि विश्वदीप मिश्रा ने अपनी रचना में किसानो और आम जन की बारिश की खेच को लेकर बढ़ती चिंता को रेखांकित करते हुए कहा कि फुहारों की सेज पर खिलखिलाती थी कभी खुशियों। बादलों में छूप गई मुस्कान अब बरसात में । बारिश की है चिंता और दरारे जमीन की। हरदम यही रहता है किसान को ध्यान बरसात में। कवियत्री प्रिया खुशबू ने अपने गीतों और मुक्तकों से आयोजन को ऊंचाइयों पर पहुंचा। उन्होंने राधा कृष्ण के प्रेम को अपने सुमधुर आवाज में पुकारते हुए कहा कि अब मिलन से जुदाई बड़ी हो गई। राधा ने श्याम की बांसुरी चुम्म ली।दीपक पटवा ने कहा कि जमीं से अंधेरे मिटाने चला हूं,चिराग आंधियों में जलाने चला हूं । सचिन पाटीदार ने काव्य में अस्पताल के घटनाक्रम को चित्रित करते हुए कहा कि कल देखा मैंने दृश्य एक अस्पताल का, चीख, कराह, कष्ट और कोहराम का ।

> **कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति**
>
> उभरते कवि संदीप जाजमे ने स्वाभिमान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हर महफिल में आगे आना मेरी फितरत नहीं। सहदेव शर्मा ने अपनी कविता में श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का चित्रण किया । राजेश चौहान ने कहा कि आज इंसानों को भूलने की आदत है, लेकिन खरी-खोटी सुनने की आदत नहीं । धर्मेंद्र मालवीया ने मतलबी दुनिया पर काव्य पाठ करते हुए कहा कि अपन तो मतलबी हैं मतलब की बात करते हैं । पैरोडीकार राजा पाठक ने पैरोडी गीत में विभिन्न शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म कों इंगित करते हुए कहा कि फेसबुक,इंस्टा न व्हाट्सएप से नहीं घर चलता है काम पर चले जाने से । साहित्यकार गोविन्द सेन ने विरोधाभास अलंकार का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सागर पर बारिश हुई, तरसा रेगिस्तान।

## एक नजर में

### अवैध शराब बिक्री रोकने वाले आफिस ही बंद

**गंधवानी** । गंधवानी का आबकारी विभाग का उप निरीक्षक कार्यालय ऐसे ही बंद रहता है कार्य दिवस में भी उसके दरवाजे नहीं खुलते हैं वहीं दूसरी ओर सरकार और जिम्मेदार अधिकारी नशा मुक्त 2.0 अभियान चल रहे है लेकिन जिनके कंधों पर अवैध शराब और नशा रोकने की जिम्मेदारी है उनके विभाग के दरवाजे ही नहीं खुल रहे हैं वरिष्ठ अधिकारी ने ध्यान देना चाहिए मीडिया बार-बार इस बात को उठा रहा है लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है वहीं पूरे मामले में आबकारी विभाग लापरवाही है कि वह नशे और अवैध शराब व्यापार को रोकने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं इस पूरे मामले को लेकर आबकारी अधिकारी से बात करनी चाहिए लेकिन कार्यालय में कोई भी मौजूद नहीं थे।

### सैमसंग ने भारत में लॉन्च की म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज़

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज लॉन्च की है. इस नई सीरीज में म्यूजिक स्टूडियो 5 (एलएस50एच) और म्यूजिक स्टूडियो 7 (एलएस70एच) नाम के दो वाई-फाई स्पीकर्स शामिल हैं. कंपनी का कहना है कि ये स्पीकर्स बेहतरीन साउंड क्वालिटी और आकर्षक डिजाइन का मेल हैं, जो घर के किसी भी हिस्से में आसानी से फिट हो जाते हैं और दमदार ऑडियो अनुभव देते हैं. म्यूजिक स्टुडियो सीरीज, सैमसंग के ऑडियो प्रोडक्ट्स की नई पेशकश है. ये स्पीकर्स सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ आसानी से कनेक्ट होकर बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान करते हैं. सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा सैमसंग लंबे समय से भारत में नई ऑडियो तकनीक और स्मार्ट फीचर्स के जरिए होम ऑडियो अनुभव को बेहतर बना रहा है. नई म्यूजिक स्टूडियो सीरीज के साथ हम इसी दिशा में एक और कदम बढ़ा रहे हैं. ये स्पीकर्स हर तरह के घर और हर मौके के लिए दमदार, साफ और शानदार साउंड देने के लिए तैयार किए गए हैं.

### मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 मैक्स

इंदौर. मोबाइल टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन में ग्लोबल लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपना फ्लैगशिप परफॉर्मेंस स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 मैक्स लॉन्च किया है. यह फोन उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्हें शानदार स्पीड, बेहतरीन एंटरटेनमेंट, लंबी चलने वाली बैटरी और स्मार्ट एआई फीचर्स की ज़रूरत होती है. नए स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 चिपसेट द्वारा संचालित, मोटोरोला एज 70 मैक्स अपने सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले तकनीक, एक विशाल 7100 एमएएच सिलिकॉन कार्बन बैटरी, प्रीमियम डिज़ाइन, एआई-संचालित इमेजिंग और सहज मल्टी-डिवाइस इंटेलिजेंस का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है, जो फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करता है. मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, टी.एम. नरसिम्हन ने कहा, मोटोरोला एज 70 मैक्स के साथ, हम परफॉर्मेंस, डिस्प्ले, बैटरी, एआई और डिज़ाइन से जुड़े अपने सबसे उन्नत नवाचारों को एक फ्लैगशिप स्मार्टफोन में एक साथ ला रहे हैं। इस डिवाइस के हर पहलू को बहुत सोच-समझकर तैयार किया गया है ताकि उपयोक्ता को ऐसे शानदार अनुभव मिल सकें जो उन्हें आसानी से कंटेंट बनाने, खेलने, काम करने और जुड़े रहने में मदद करें.

### सैमसंग ने फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक पेश की

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज अगली पीढ़ी के गैलेक्सी फोल्डेबल डिवाइसेस के लिए नई फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक पेश की. फोल्डेबल नवाचार और इंजीनियरिंग में सात पीढ़ियों के अनुभव पर आधारित यह नई डिस्प्ले संरचना बेहतर मजबूती और कम दिखाई देने वाली फोल्ड लाइन के साथ अधिक सधा हुआ देखने का अनुभव देती है. सैमसंग के लंबे समय से विकसित डिस्प्ले कौशल की मदद से बनी इस तकनीक में टाइटेनियम आधारित दो हिस्से शामिल हैं, एक टाइटेनियम एलॉय फिल्म और एक टाइटेनियम प्लेट. ये दोनों मिलकर फोल्डेबल डिस्प्ले की संरचना में पतलेपन, लचीलापन और मजबूती के बीच संतुलन बनाते हैं. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल आरएंडडी ऑफिस, हार्डवेयर के ईवीपी और सीनियर एग्जीक्यूटिव सुंघून मून ने कहा फोल्डेबल श्रेणी में सैमसंग की ताकत उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ऐसी तकनीक से जोड़ने में है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में साफ तौर पर फायदा दे.

### रॉयल स्टैग 2025 में सबसे ज्यादा बिकने वाला व्हिस्की ब्रांड बना

इंदौर. पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने घोषणा की है कि आईडब्ल्यूएसआर 2025 की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, रॉयल स्टैग वर्ष 2025 में दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला व्हिस्की ब्रांड बन गया है. वर्ष 2025 में इस ब्रांड की कुल 3.26 करोड़ (32.6 मिलियन) केस की बिक्री दर्ज की गई. यह रॉयल स्टैग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जीन टुबुल ने कहा आईडब्ल्यूएसआर 2025 की रैंकिंग के अनुसार रॉयल स्टैग का दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला व्हिस्की ब्रांड बनना पर्नोड रिकार्ड इंडिया के लिए गर्व की बात है. लेकिन इस उपलब्धि की सबसे बड़ी वजह पिछले तीन दशकों से हमारे उपभोक्ताओं का हम पर बना विश्वास है. जो ब्रांड समय के साथ उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को समझते हैं, अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखते हैं और लगातार करने की कोशिश करते हैं, वे केवल प्रासंगिक ही नहीं रहते, बल्कि दुनिया में अग्रणी भी बनते हैं. रॉयल स्टैग की यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है.

### एमेजॉन ने एमपीआईडीसी के साथ एमओयू किया

इंदौर. आज एमेजॉन इंडिया ने एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर दस्तखत किए. इस पार्टनरशिप का उद्देश्य मध्य प्रदेश के एमएसएमई, एंटरप्रेन्योर्स, डी2सी ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स, बुनकरों, कारीगरों और प्रोड्यूसर्स को एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग की मदद से ग्लोबल बिजनेस का विकास करने में समर्थ बनाना है. इस एमओयू पर दस्तखत दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स ईवेंट में मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में किए गए. चंद्रमौली शुक्ला, एमडी, एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं एक्सपोर्ट कमिश्नर ने कहा भारत से होने वाले एक्सपोर्ट में मध्य प्रदेश का योगदान लगातार बढ़ रहा है. यहाँ मौजूद एमएसएमई और विस्तृत प्रोडक्ट कैटेगरी इसमें काफी मदद कर रहे हैं. आज विश्व के ग्राहक अलग-अलग बाजारों के प्रोडक्ट खोजते हैं। इसलिए ईकॉमर्स एक्सपोर्ट स्थानीय व्यवसायों को विश्व के ग्राहकों तक पहुँचने और अपना खुद का ब्रांड स्थापित करने का एक बड़ा अवसर प्रदान कर रहा है. श्रीनिधि कल्वापुड़ी, हेड, एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग ने कहा एमेजॉन में हम भारतीय एमएसएमई और एंटरप्रेन्योर्स को ईकॉमर्स एक्सपोर्ट द्वारा ग्लोबल ब्रांड बनने में मदद करना है।

# तीन वर्षों से खेलवृत्ति में धार जिला प्रथम, प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

## धार ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों को मिलेगी 2.10 लाख रुपये की खेलवृत्ति

**धार। धार ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार रुपये की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। लगातार तीन वर्षों से धार जिला खेलवृत्ति प्राप्त करने में जिले में प्रथम तथा प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है।**

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 में एसोसिएशन के खिलाड़ी ओम डावर एवं भूमिका चौहान ने स्वर्ण पदक अर्जित किया था। दोनों खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा 31-31 हजार रुपये की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी।

कोच गगन सिंह राजपूत ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कर्तव्य ठाकुर, कविश पाटीदार, लक्ष्मी बनिया, विवान मड़ावदिया, जय मिश्रा, भूमिका चौहान एवं सौम्या भदोरिया ने स्वर्ण पदक, विशेष शर्मा, कुणाल पवार, प्रतीक्षा सावेर, ख्याति सिंह राणा, लक्ष्य सोलंकी एवं दिव्यराज वैष्णव ने रजत पदक तथा सार्थक नागर, गोरक्षक प्रजापत, अविष पाटूद, शोमित राठौर एवं दीक्षा डावर ने कांस्य पदक अर्जित किए। पदक विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, 8 हजार एवं 6 हजार रुपये की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण तोमर ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं कोच गगन सिंह राजपूत को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस एसीएस परीक्षा आज

इंदौर. संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी द्वारा आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में परीक्षा के सुचारु संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई.

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशन में आयोजित बैठक में परीक्षा प्रभारी एवं उपायुक्त राजस्व सपना लोवंशी ने बताया कि परीक्षा 19 जुलाई को इंदौर के 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 2,398 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो सत्रों में होगी. पहला सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा. अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल ऐप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन किया जाएगा. परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे, इसलिए अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है.

# सभी ग्राम पंचायतों में बनाई जाए पानी के लिए समितियां : मीना

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक



**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित पेयजल योजनाओं तथा जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों में पानी समितियों का पुनर्गठन सुनिश्चित किया जाए और पंचायतों को जागरूक कर नियमित जल प्रभार की वसूली को बढ़ावा दिया जाए ताकि सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता बनी रहे।कलेक्टर श्री मीना ने पेयजल प्रणालियों को आधुनिक बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी नल-जल योजनाओं में ऑटोमैटिक सेंसर स्थापित किए जाएं, जिससे मोबाइल ऐप के माध्यम से मोटर पंपों का संचालन और नियंत्रण संभव हो सके।

इसके साथ ही उन्होंने नई नल-जल योजना संचालन-संधारण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पंचायतों को प्रशिक्षित करने, जल संरक्षण के कार्यों को गति देने, पेयजल स्रोतों के नियमित रखरखाव, क्लोरीनीकरण और एफटीके के माध्यम से पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एस.सी. जनोलिया एवं श्री एन.एस. भूरिया, जल निगम के उप महाप्रबंधक श्री नीरज नीलोसे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मिला कॅरियर और व्यक्तित्व विकास का मार्गदर्शन

## विश्व युवा कौशल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन



**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. वी.डी. श्रीवास्तव के संरक्षण तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र पिपरिया ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराया. उन्होंने यूपीएससी, एमपीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग और रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच तथा उत्तर लेखन कौशल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि सफलता के लिए धैर्य, अनुशासन, सतत सीखने की प्रवृत्ति और व्यवहारिक ज्ञान बेहद आवश्यक हैं.

> **कौशल विकास के महत्व पर दिया जोर**
>
> द्वितीय मुख्य वक्ता रागिनी सिंह ठाकुर निर्माण फाउंडेशन ने छात्राओं को तकनीकी और व्यावहारिक कौशल विकसित करने, आत्मनिर्भर बनने तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बदलते समय में कौशल विकास के महत्व पर भी जोर दिया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. निधि गुप्ता ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा तिवारी ने किया.

# इंदौर झूलेलाल मंदिर में 40 दिवसीय चालीहो साहिब व्रत का शुभारंभ, श्रद्धालु भक्ति में लीन



**इंदौर** अन्नपूर्णा रोड स्थित झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज के प्रमुख धार्मिक पर्व 40 दिवसीय चालीहो साहिब व्रत का श्रद्धापूर्वक शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान झूलेलाल के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं।चालीहो साहिब व्रत भगवान झूलेलाल के प्रति आस्था, श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। व्रत के दौरान श्रद्धालु प्रतिदिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और प्रार्थना करते हैं। कई श्रद्धालु सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए संयम, सेवा और आध्यात्मिक अनुशासन का पालन करते हैं। इस अवधि में भगवान झूलेलाल से परिवार, समाज और विश्व के सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की जाती है।मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सुबह-शाम होने वाली आरती में श्रद्धालुओं की अच्छी उपस्थिति देखी जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार चालीहो साहिब के 40 दिनों तक प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और विशेष पूजा का क्रम जारी रहेगा। समापन अवसर पर बहराणा साहिब की पूजा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**एक नजर में** | **एग्जीबीशन में क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी का आयोजन**

# बायो लेदर व गोट आर्ट पर दिखी धर्म व संस्कृति की कला

**इंदौर.** कल्चर और वोकल फॉर लोकल से जुड़ी हस्त व शिल्प कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में क्राफ्टरूट्स की एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है. पांच दिवसीय क्राफ्ट एग्जीबिशन में देशभर से आए 80 से ज्यादा कलाकारों ने 100 से अधिक स्टाल्स लगाकर अपनी आर्ट को प्रदर्शित किया है, जिसमें क्लोथिंग, होम डेकोर, ज्वेलरी व लाईफस्टाइल से जुड़ी हजारों आईटम्स के स्टाल्स है.

इंदौर में क्राफ्टरूट्स का यह 8वां साल है. क्राफ्टरूट्स के एग्जीबिशन इंचार्ज विजय जाधव ने बताया कि जेन जी और आने वाले फेस्टिव सीजन की वजह से रिस्पॉन्स ज्यादा है. जेन जी के लिए एसेसरीज और रखी के लिए आउटफिट ट्रेंड की ज्यादा डिमांड है. इसके अलावा ज्वेलरी, होम डेकोर व गिफ्ट्स आईटम्स भी है.

### फ्रूट्स के छिलकों से निर्मित बायो लेदर पर्स



फ्रूट्स के छिलकों से बना हैंड मेड पर्स आकर्षण का केंद्र बना है. स्टाल इंचार्ज आस्था कौशल ने बताया कि बैग टमाटर व चीकू के छिलके से बना है. यह बायो लेदर प्रोडक्ट है. पर्यावरण-अनुकूल और क्रूरता-मुक्त चमड़ा है. बैग पर भगवान जगन्नाथ, मधुबनी आर्ट व गोंड कला की हाथ कढ़ाई की है.

### गोट लेदर पर आर्ट व कल्चर का मिलन



आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले का गोट लेदर आर्ट आकर्षण का केंद्र है. स्टाल इंचार्ज महेश शिंदे ने बताया कि मजबूती, कोमलता और लाईट वेट गोट लेदर की खासियत है. यह 300 साल पुराना आर्ट है. गोट लेथर पर कारीगरों द्वारा हाथ से आर्ट बनाकर इससे लैंप, पपेट्स, हेगिंग, पेंटिंग और क्लॉक तैयार की गई है. राम जी, हनुमान जी की

### 100 वर्ष पुराना कोंडापल्ली आर्ट

स्टाल इंचार्ज राहुल रेड्डी ने आंध्रप्रदेश की संस्कृति से जुडा कोंडापल्ली हैंड आर्ट का स्टाल लगाया है. उन्होंने बताया कि कोंडापल्ली की पहाड़ियों में मिलने वाली मुलायम लकड़ी टेला पोनिकी और इमली के बीज के पाउडर व बुरादे के पेस्ट से लकड़ी तैयार की जाती है. फिर हिंदू देवी-देवता, ग्रामीण जीवन, पौराणिक पात्र, नर्तक और पशु-पक्षी के आकार बनाए जाते है. आकार पर हाथ से बना पेंट किया जाता है.

**अपसाइक्ल्ड फेब्रिक से बने बैग, होम डेकोर व ज्वेलरी :** एक नए तरह के फेब्रिक अपसाइक्ल्ड फेब्रिक का स्टाल लगाने वाले दिल्ली निवासी शुशांत अमर के अनुसार अपसाइक्ल्ड फेब्रिक एक नए तरह का फेब्रिक है. यह बिना काट छांट और फाड़े बिना तैयार होता है. इससे बैग्स, होम डेकोर, ज्वेलरी, पार्टी डेकोर और कवर्स बनते है. हाथ से कढ़ाई होती है.

**70 हजार की संभलपुरी प्योर हैंडलूम साड़ी :** शुद्ध सूती और रेशम ने बनी संभलपुर प्योर हैंडलूम की एक साड़ी की कीमत 70 हजार रुपए है. स्टाल के इंचार्ज सौभाग्य रंजन साहू के मुताबिक इसे स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार किया जाता है. यह प्राकृतिक डिजाइन के लिए मशहूर है.